GD GOENKA SCHOOL | Sarita Vihar New Delhi

Thrive. For Life.

(Under The Aegis of GD Goenka Group)

विषय: अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह,2026

प्रतिवेदन : राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान

दिनांक : 30 जनवरी ,2026

प्रस्तुतकर्ता: हिंदी विकास संस्थान

<u>प्रतिवेदन</u>

हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान की संवाहक है। यह हमें आपस में जोड़ती है तथा राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाती है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय हिंदी संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का आयोजन किया जाता है। प्रतिवर्ष देश-विदेश के अनेक छात्र इस प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त करते हैं।

इस वर्ष विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु तीन मूर्ति भवन स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संचालक डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की तथा तत्पश्चात मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में लगभग 500 विद्यालयों के विद्यार्थियों को ‘राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा’ एवं ‘राष्ट्रीय हिंदी उन्नायक प्रतिभा’ सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को भी उनके मार्गदर्शन एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इसी समारोह में जी. डी. गोयंका पब्लिक स्कूल की कक्षा IX के छात्र अर्नव कुमार ने हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए अर्नव कुमार को भी ‘राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान’ से सम्मानित किया गया। अंत में मुख्य अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की प्रशंसा की तथा हिंदी भाषा को उन्नति के शिखर तक पहुँचाने का संदेश दिया।

झलकियाँ